# भोलेनाथ की सवारी | By Ajeet Jain & Kanchan Trivedi

नन्दीजी से करी प्रार्थना
नन्दी जी ने सुनी याचना
शिव की दया से घर में खुशी तमाम आ गई
भोलेनाथ की सवारी मेरे काम आ गयी

नन्दी को मनाऊं तो भोले मान जायेंगे
भोले बाबा माने तो डमरू भी बजायेंगे
मैं भी डमरू वाले के धाम आ गई
भोलेनाथ की सवारी मेरे काम आ गयी

चलना शिवालय तो चलो मेरे साथ में
भेजा है बुलावा मुझे भी भोलेनाथ ने
चिट्ठी एक मेरे भी नाम आ गई

नन्दी जी के कानो में कहना मन की बात को
नन्दी जी बताएँगे जाके भोलेनाथ को
कंचन ले अजीत का पैगाम आ गई
भोलेनाथ की सवारी मेरे काम आ गयी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%a5-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%b8%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%80-by-ajeet-jain-kanchan-trivedi/